MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -9 मंदसौर, 20 अगस्त 2025 बुधवार से 26 अगस्त 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

# मंदसौर-पशुपतिनाथ को छप्पन भोग अर्पित

मंदसौर। पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सावन माह समाप्त होने के उपलक्ष्य में रविवार को महादेव को छप्पन भोग अर्पित किया। सैकड़ों श्रद्धालु दिनभर पूजा, भजन और प्रसादी वितरण में शामिल हुए। आरती मंडल के अध्यक्ष दिलीप शर्मा व उमेश परमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे विधि-विधान से हुई।

11 बजे महारुद्री पाठ के बाद पंचामृत और भांग से अभिषेक कर भगवान का मावा व ड्रायफ्रूट से श्रृंगार किया। भगवान को 56 क्विंटल प्रसादी का भोग लगाया। शाम 7 बजे से भजन संध्या हुई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

**महाकाल आज 6 स्वरूपों में देंगे दर्शन, पालकी पर 10 ड्रोन से पुष्पवर्षा होगी**

महाकालेश्वर की राजसी सवारी सोमवार को निकाली जाएगी। इसमें रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरुड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद व सप्तधान का मुखारविंद शामिल रहेगा। पहली बार सवारी मार्ग पर 10 ड्रोन के माध्यम से पालकी पर पुष्पवर्षा की जाएगी।

महाकालेश्वर की पालकी पर पुष्पवर्षा भक्तों के गुलाब के फूलों से ही की जाएगी। इसके लिए सोमवार सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक महाकालेश्वर मंदिर परिसर में चार, फ्रीगंज में चार और पुराने शहर में छह स्थानों पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, जिला प्रशासन, नगर निगम, जिला पंचायत, एमपीआईडीसी और दैनिक भास्कर की ओर से काउंटर्स लगाए जाएंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि भादौ माह की दूसरी और राजसी



सवारी शाम 4 बजे मंदिर से रवाना की जाएगी। इसमें 70 भजन मंडलियां चल समारोह में प्रभु के गुणगान करती हुई शामिल होंगी। इसके अलावा 4 जनजातीय कलाकारों के दल भी प्रस्तुतियां देंगे।

# कंटेनर से 12 क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा मिला दो आरोपी गिरफ्तार एक आरोपी पहले भी जेल जा चुका

मंदसौर। भानपुरा पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कंटेनर में भारी मात्रा में डोडाचूरा परिवहन किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने नीमच -झालावाड़ मार्ग पर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध कंटेनर को रुकवाने की कोशिश की गई, लेकिन ड्राइवर वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कंटेनर को रोक लिया।

## कंटेनर से डोडाचूरा बरामद

जांच में कंटेनर के अंदर 35 खाली प्लास्टिक ड्रम मिले। वहीं ड्राइवर केबिन में लकड़ी के फाटक के पीछे छिपाकर रखे गए 60 कट्टों से 12 क्विंटल 11 किलो 210 ग्राम अवैध



डोडाचूरा बरामद हुआ। जब्त माल की कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, जब्त कुल सामान का मूल्य लगभग 50 लाख रुपए है। पुलिस ने मौके से पंजाब के जालंधर निवासी रणजीत सिंह (45) और सन्त्री (36) को गिरफ्तार किया। आरोपी रणजीत सिंह आदतन अपराधी है। वह 2020 में अजमेर में NDPS केस में जेल जा चुका है और इस समय जमानत पर था। उस पर चोरी और दुर्घटना के मामले भी दर्ज हैं।

## NDPS एट के तहत केस दर्ज

एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 8/15 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया और कहां सप्लाई किया जाना था। इसके लिए दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## एमपी के स्कूलों में कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से लगेंगी कक्षाएं

भोपाल। एमपी बोर्ड 10वीं व 12वीं परीक्षा सात फरवरी से शुरू होंगी। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। नौवीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा 28 अगस्त से शुरू होंगी, जो सितंबर तक चलेंगी। वहीं छमाही परीक्षाएं दिसंबर में होंगी।

### परीक्षा के परिणाम को सुधारने के लिए प्रयास

विभाग ने वार्षिक और बोर्ड परीक्षा के परिणाम को सुधारने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। इन दोनों परीक्षाओं में कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित किया जाएगा और उनके लिए अलग से कक्षाएं लगाई जाएंगी। अगर इन परीक्षाओं में ज्यादा विद्यार्थी कमजोर निकलकर आए, तो उनकी तैयारी कराने में शिक्षकों को ज्यादा मेहनत करनी होगी। इसके लिए अभी से प्राचार्यों को निर्देश देकर बच्चों की तैयारियों पर जोर दिया जाएगा।

### छमाही परीक्षाएं होने के बाद अतिरिक्त विशेष कक्षाएं लगेंगी

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों की छमाही परीक्षाएं होने के बाद अतिरिक्त विशेष कक्षाएं लगेंगी।

# संपादकीय

## भारत-चीन ~ ये नजदीकियां

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा निभाई गई स्वयंभू भूमिका ने भारत को स्तब्ध कर दिया है। इसके साथ ही रूस से तेल और रक्षा सामग्री की खरीद से चिढ़े बैठे ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर नई?चुनौती फैंक दी है। अमेरिका द्वारा छेड़ा गया टैरिफ युद्ध भारत के साथ-साथ चीन के आर्थिक हितों को नुक्सान कर रहा है। ट्रम्प की ब्लैकमेलिंग भारत और चीन को रास नहीं आ रही। चीन के खुले समर्थन के बावजूद पाकिस्तान का अमेरिका के हाथों में खेलना भी कहीं न कहीं चीन को चुभ रहा है। यही कारण है कि चीन अब भारत के करीब आ रहा है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी के भारत दौरे से यह नजदीकियां स्पष्ट रूप से दिखाई भी दीं। अमेरिका भले ही दक्षिणी चीन सागर या हिन्द प्रशांत के मामले में चीन का मुकाबला करने के ि?लए भारत के साथ मिलकर काम करने की को?शिश कर रहा था लेकिन ट्रम्प ने असंगत बातें दोहराते हुए ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह से पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाया उससे भारत को निराशा ही हुई है। पहले चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरूआत की। फिर भारत ने चीनी पर्यटकों के लिए वीजा खोल दिया। धीरे-धीरे सभी स्तरों पर आदान-प्रदान और संवाद फिर से शुरू हो रहा है। यह सब कदम दोनों देशों के सहयोग की ओर लौटने की ि?दशा में एक साकारात्मक रुझान दिखा रहे हैं।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी और विदेश?मंत्री एस. जयशंकर में हुई बातचीत के दौरान सप्लाई से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने स्वीकार किया कि मौजूदा समय में अमेरिका की नीतियां भारत और चीन दोनों के खिलाफ हैं। चाहे वह व्यापारिक प्रतिबंध हो या टैक्नोलॉजी से जुड़े नियम भारत और चीन दोनों को इससे निपटने के ि?लए आपसी तालमेल की जरूरत है।

इस मुलाकात में जहां एक ओर सीमा विवाद पर चर्चा टाल दी गई और उसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के स्तर पर बातचीत के लिए छोड़ा गया, वहीं दूसरी ओर सप्लाई और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर बड़ी प्रगति हुई। खास बात यह भी रही कि जयशंकर ने साफ कर दिया कि भारत का ताइवान पर रुख नहीं बदला है और वह सिर्फ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध तक ही सीमित रहेगा। इस बीच अमेरिका की नीतियां दोनों देशों के लिए चुनौती के रूप में उभरीं और यह माना गया कि मौजूदा वैश्विक हालात में भारत और चीन को संवाद बढ़ाकर साझा हित साधने होंगे। सवाल अब यह है कि क्या यह नई पहल भारत-चीन के रिश्तों में दोस्ती की नई पारी की शुरूआत है या फिर यह केवल अस्थायी समीकरण है?

चीन ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही खाद (यू?ि?रया, एनपीके, डीएपी), रेयर अर्थ मिनरल्स और टनल बोरिंग मशीन की सप्लाई फिर से शुरू करेगा। गौरतलब है कि पिछले एक साल से चीन ने इन पर रोक लगा दी थी जिससे भारत को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भारत की कृषि जरूरतों का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा चीन से आने वाली खाद पर निर्भर करता है। वहीं ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और हाईटेक उपकरणों में रेयर अर्थ मिनरल्स का अहम योगदान है। इसी तरह शहरी और सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए टनल बोरिंग मशीनें बेहद जरूरी हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सीमा विवाद पर भी अपनी बात रखी। भारत हमेशा इस बात का समर्थक रहा है कि दोनों देशों में साकारात्मक गति का आधार सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त रूप से शांति और सौहार्द बनाए रखने की क्षमता है। पिछले ि?दनों वर्षों में गलवान घाटी से लेकर व्यापारिक विवाद तक भारत-चीन में काफी तनाव रहा है। भारत चाहता है कि 3488 किलोमीटर लम्बी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना को ?वापिस बैरकों में भेजा जाना चाहिए। हालांकि लद्दाख में कई बिन्दुओं की गुत्थियां सुलझ चुकी हैं ले?किन अभी भी दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

# सीएम ने कहा-सरकार गाय का भी दूध खरीदेगी, मप्र बनेगा मिल्क कैपिटल




रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उत्पादन में तेजी लाकर वर्ष 2028 तक मप्र को मिल्क कैपिटल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ भैंस का नहीं, सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। साथ ही गाय के दूध की खरीदी कीमत अधिक होगी। 25 गाय और 42 लाख रुपए तक की गोशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे।

सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री रविवार को रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन को संबोधित कर रहे थे।

आयोजन में मुख्यमंत्री ने 245.91 करोड़ के 57 निर्माण कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इसमें 158.64 करोड़ के 37 कार्यों का लोकार्पण एवं 87.27 करोड़ की लागत के 20 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने कहा कि नर्मदा का पानी बदनावर से 36 किमी की पाइप लाइन डालकर रतलाम लाया जाएगा।

### रतलाम के पास पीएम मित्रा पार्क जल्द

डॉ. यादव ने कहा कि बहुत जल्द रतलाम के समीप धार जिले में पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होने वाला है। इस पार्क से एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। भर्तियों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अगले 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेगी। अगले तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए

ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान
डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
अनूप जैन
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड
हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।
चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के च श्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# मंदसौर जिले में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



मंदसौर । 15 अगस्त को देश की आजादी की 78 वीं सालगिरह पूरे जिले में हर्षोल्लास व समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, क्रीडा परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने राष्ट्र ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर देश की प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगें गुब्बारे भी हवा में मुक्त किये। मुख्यमंत्री म.प्र. शासन का संदेश प्रसारण

किया गया। जिसे सभी ने देखा और सुना। अपने जनसंदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेरे प्रिय प्रदेशवासियों, आप सभी को 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई। राष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। आज का दिन सभी ज्ञात-अज्ञात राष्ट्र प्रेमियों के स्मरण और उन्हें आदरांजलि अर्पित करने का अवसर है। इस आज़ादी की हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। यह आज़ादी हमारे लिए अमूल्य है। देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के लिए जिन विभूतियों ने जीवन का बलिदान किया, उन्हें आज स्मरण करने का दिन है। हम उनका ऋण कभी नहीं भुला पाएंगे। स्वतंत्रता व्यक्तिगत जीवन से बढ़कर है। हम सभी आज अपनी विभूतियों-स्वतंत्रता सेनानियों को शत-शत नमन करते हैं। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने बधाई संदेश का वाचन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, सीनियर एनसीसी डिवीजन पुरुष, सीनियर एनसीसी डिवीजन महिला, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सैनिक स्कूल मंदसौर, एनसीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, एनसीसी सेंट थॉमस स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल एनसीसी गर्ल्स, उत्कृष्ट स्कूल स्काउट, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल गाइड दल, रेड क्रॉस दल, शौर्य दल प्लाटून?स द्वारा आकर्षक परेड की गई।

सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
Cure With Care
अब आपके शहर शामगढ़ में सुप्रसिद्ध हड्डी व शिशु रोग विशेषज्ञ
नि:शुल्क परामर्श शिविर- दि.29-12-2024
हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक
डॉ.आकाश मीणा
(हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ)
M.B.B.S, M.S., Orthopaedic Surgeon
हड्डी रोग
* हड्डी एवं जोड़ो का दर्द होना
* कमर दर्द एवं कंधे दर्द होना
* रीढ की हड्डी की चोट ।
* घुटनो का दर्द होना ।
* चलने की परेशानी होना ।
* गठिया रोग एवं नसों की सूजन ।
* हाथ पैरो एवं शरीर में कमजोरी होना
* झुनझुनी या सुन पढ जाना
* गतिविधि के दौरान पीठ दर्द का बढ जाना ।
* पीठ के निचले हिस्से में अकड़ने ।
डॉ.भारद्वाज
MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
* बच्चों का चिड़चिड़ापन
* लार टपकना
* बोल नहीं पाना, हकलाना
* झटके आना
* बार बार बुखार आना
* शारीरिक विकलांगता
* बिस्तर में पेशाब करना
* वजन/लंबाई का ना बनना
* बच्चों में जन्म से पीलिया होना
* बार बार सर्दी खांसी होना
* बच्चों को भूख नहीं लगना
* बच्चों में खून की कमी
* बच्चों के छुटे हुए टिके
* बच्चों का वजन नहीं बढना
* रोग प्रतिरोग क्षमता बढाने हेतु .
समस्त प्रकार के वैक्सीन
कम्प्यूटराईज्ड लेब ICU ECG
मेडिकल एंबुलेंस ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ.अंजली (प्रसुति रोग विशेषज्ञ)
MBBS, DGO (OBS GYNIC)
अपनी सेवाएं सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रुप से देगें।
24/7 Emergency Services
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें -07425-299214,9630656214
पता- 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.) कोड नं.-458883

शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़

माँ हिंगलाज इन्फोटेक
Sales & Sarvice
हमारे यहां सीसीटीवी कैमरे लेपटॉप, कम्प्युटर एवं प्रिंटर के लगाने व सुधारने का कार्य किया जाता है सीसीटीवी कैमरा, लेपटॉप, कम्प्युटर व प्रिंटर्स के पार्ट्स भी उपलब्ध है
प्रो.हुकुमसिंह गुर्जर मो.9098606775
ढाबला गुर्जर रोड़, शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.)

### मंदसौर एयरस्ट्रिप पहुंचे सीएम

# रतलाम एयरस्ट्रिप खराब होने से बदला रूट, 5 मिनट रुककर चार्टेड विमान से दिल्ली हुए रवाना





मंदसौर। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव रविवार दोपहर मंदसौर पहुंचे, मुख्यमंत्री को रतलाम जिले में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शरीक होने के बाद दिल्ली जाना था लेकिन रतलाम की एयर स्ट्रिप खराब होने की वजह से उन्हें मंदसौर का रुख करना पड़ा।

सीएम को दोपहर 2 बजे मंदसौर पहुंचना था, लेकिन उनका हेलीकॉप्टर मन्दसौर एयर स्ट्रिप पर लगभग साढ़े 3 बजे लैंड हुआ, प्रशासनिक अधिकार, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

प्रदेश के मुखिया महज 5 मिनट मंदसौर में रुके और चार्टर्ड विमान में सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके साथ सांसद सुधीर गुप्ता भी दिल्ली गए हैं। इस दौरान पुलिस महकमा भी पूरी तरह से अलर्ट नजर आया।

हेलीपैड पर कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इनमें लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार और गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और एएसपी बघेल ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



# जड़ी-बूटी बेचने वाले ने झाड़ियों में फेंका चोरी का फोन

### मंदसौर में चाय की दुकान से की चोरी, पुलिस ने ढूंढकर मालिक को लौटाया

**मन्दसौर। जिले के पिपलियामंडी में चाय की दुकान से मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से चोर की पहचान आगरा-शिवपुरी से आए एक जड़ी-बूटी विक्रेता के रूप में हुई।**

चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पता चला कि आरोपी ने चुराए गए मोबाइल को पिपलिया चौपाटी के पास कंगट्टी मार्ग की खाई में स्थित झाड़ियों में फेंक दिया था।

पुलिस ने खोजबीन के बाद मोबाइल को बरामद कर लिया और उसके वास्तविक मालिक को वापस सौंप दिया।

पिपलिया मंडी पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों में आपसी सहमति से मामला सुलझ गया है। इसी कारण कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई।

# मंदसौर जिला जेल में जन्माष्टमी पर झांकियां और सजावट

मंदसौर । जिला जेल में शनिवार रात जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूरी जेल को सजाया गया और भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां बनाई गईं। रात 12 बजे तक 10 हजार से ज्यादा लोग जेल पहुंचकर कान्हा के दर्शन कर चुके थे।

### जेल में झूले पर विराजे श्रीकृष्ण

जेल परिसर के अंदर झूले में श्रीकृष्ण की झांकी बनाई गई। श्रद्धालु बारी-बारी से झूला झुलाते नजर आए। जेल की सजावट और झांकियों को देखने के लिए आम नागरिकों के साथ धर्मावलंबियों की भीड़ लगी रही।

### पुरानी परंपरा, हर साल होता आयोजन

जानकारी के अनुसार, मंदसौर जिला जेल में जन्माष्टमी पर झांकियां बनाने और सजावट की परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। इसी कारण जिलेभर से लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं और कान्हा के दर्शन करते हैं।

### कैदियों के लिए भी खास अवसर

कैदी भी जेल के अंदर बने पंडालों और झांकियों में भगवान कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालु नेहा जैन ने कहा कि कान्हा का जन्म जेल में हुआ था, इसलिए यहां की सजावट विशेष होती है और हर साल देखने लायक रहती है।








समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑप्शन ट्रेडिंग, गवर्मेंट बॉंड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306